ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. संज्ञा के जिस रूप से किसी व्यक्ति, वस्तु के संख्या में एक या एक से अधिक होने का बोध हो, उसे वचन कहते हैं।
2. वचन के दो भेद हैं :- 1. एकवचन 2. बहुवचन।
   1. एकवचन:-संज्ञा का वह रूप जिससे उसका संख्या में एक होने का बोध हो, उसे एकवचन कहते हैं। उदाहरण:-बच्चा, पुस्तक, गमला, बकरा आदि।
   2. बहुवचन:-संज्ञा का वह रूप जिससे उसका संख्या में एक से अधिक होने का बोध हो, उसे बहुवचन कहते हैं। उदाहरण:-बच्चे, पुस्तकें, गमले, बकरे आदि।
3. एकवचन से बहुवचन बनाने के नियम:-
   1. अकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंतिम अ को एँ कर देने से शब्द बहुवचन में बदल जाते हैं। जैसे:-
      आँख-आँखें, पुस्तक-पुस्तकें

2. आकारांत पुल्लिंग शब्दों के अंतिम 'आ' को 'ए' कर देने से शब्द बहुवचन में बदल जाते हैं। जैसे:-घोड़ा-घोड़े, केला-केले
3. आकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंतिम 'आ' के बाद 'एँ' लगा देने से शब्द बहुवचन में बदल जाते हैं।
जैसे:- कन्या - कन्याएँ, कला - कलाएँ
4. इकारांत अथवा ईकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में 'याँ' लगा देने से और दीर्घ 'ई' को ह्रस्व इ कर देने से शब्द बहुवचन में बदल जाते हैं। जैसे:- कॉपी-कापियाँ थाली-थालियाँ
5. जिन स्त्रीलिंग शब्दों के अंत में या है उनके अंतिम आ को आँ कर देने से वे बहुवचन बन जाते हैं। जैसे:-
गुड़िया-गुडियाँ चुहिया-चुहियाँ
6. कुछ शब्दों में अंतिम उ, ऊ और औ के साथ एँ लगा देते हैं और दीर्घ ऊ के स्थान पर ह्रस्व उ हो जाता है। जैसे:-
गौ-गौएँ, वधू-वधुएँ
7. दल, वृंद, वर्ग, जन लोग, गण आदि शब्द जोड़कर भी शब्दों का बहुवचन बना देते हैं। जैसे:-
अध्यापक-अध्यापकवृंद, विद्यार्थी - विद्यार्थीगण
8. कुछ शब्दों के रूप 'एकवचन' और 'बहुवचन' दोनों में समान होते हैं। जैसे:-
क्षमा-क्षमा, जल-जल, नेता-नेता प्रेम-प्रेम

4. सदा बहुवचन में प्रयोग किए जाने वाले शब्द :
समाचार हस्ताक्षर प्राण
लोग दर्शन
5. सदा एकवचन में प्रयोग किए जाने वाले शब्द :
तेल दूध जनता
वर्षा पानी

च. निम्नलिखित शब्दों के वचन लिखिए :

1. एकवचन 2. एकवचन 3. एकवचन
4. बहुवचन 5. एकवचन 6. बहुवचन
7. एकवचन 8. एकवचन 9. बहुवचन
10. एकवचन

पाठ 7 : कारक

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (अ) अपादान कारक 2. (ब) कारक
3. (अ) क्रिया होने के स्थान का 4. (ब) ने

ख. निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त कारक चिह्न लगाइए :

1. ने 2. को 3. में
4. से 5. में 6. की
7. वाह!

ग. निम्नलिखित वाक्यों तथा कारकों के नाम पढ़कर सही (✓) तथा गलत (✗) का चिह्न लगाइए :

1. ✗ 2. ✗ 3. ✓
4. ✗ 5. ✗ 6. ✓
7. ✓ 8. ✓

घ. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के सही रूप से वाक्यों को पूरा कीजिए :

1. हरीश 2. कुत्ते 3. हम
4. पत्ता 5. माला 6. भगवान
7. पानी 8. तोता 9. गाय
10. भिखारी

ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. संज्ञा या सर्वनाम शब्दों का वह रूप, जिसका सीधा संबंध क्रिया से होता है, कारक कहलाता है। क्रिया के साथ संज्ञा का सीधा संबंध ही कारक है।

2. कारक के आठ भेद हैं, जिनके कारक चिह्न अलग-अलग हैं। कारक चिह्नों का विवरण निम्नलिखित हैं:-

कारक	कारक चिह्न
कर्ता	ने
कर्म	को
करण	से, के द्वारा
संप्रदान	को, के लिये, हेतु
अपादान	से (अलग होने के अर्थ में)
संबंध	का, की, के, रा, री, रे
अधिकरण	में, पर
संबोधन	हे!, अरे!, ऐ!, ओ!, हाय्!

3. वाक्य में संज्ञा को बुलाने या पुकारने के लिए प्रयुक्त शब्दों को संबोधन कारक कहते हैं। संबोधन कारक के विभक्ति चिह्न हे, ओ एवं अरे होते है। वाक्य में जिसे बुलाया जा रहा है, उस शब्द से पहले संबोधन कारक का प्रयोग किया जाता है।

   उदाहरण:- 1. ओ! मोहन यहाँ आओ।
   2. अरे बच्चो! तुम उधर मत जाना।

4. वाक्य में वह संज्ञा या सर्वनाम पद जो क्रिया करने वाले का बोध करवाता है, उसे कर्ता कारक कहते हैं। कर्ता कारक का कारक चिह्न 'ने' है।

5. किसी वाक्य में कर्ता जिस माध्यम से क्रिया करता है। उस माध्यम को करण कारक कहते हैं। कारण कारक का कारक चिह्न, 'से' तथा के द्वारा है।

   उदाहरण:- 1. रमेश यहाँ बस से आता है।
   2. चाकू के द्वारा फल काटा गया।

च. इन वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :

1. राम ने कुत्ते को डंडे से मारा।
2. वृक्ष से पत्ता गिरा।
3. इस कुएँ में बहुत पानी है।
4. वह तस्वीर रमेश की है।
5. वाह ! कितना सुंदर फूल है।

छ. 'भालू' शब्द की कारक-रचना कीजिए :

कारक	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	भालू ने	भालुओं ने
कर्म	भालू को	भालुओं को
करण	भालू से/के द्वारा	भालुओं से/के द्वारा
सम्प्रदान	भालू को/के लिए	भालुओं को/के लिए
अपादान	भालू से	भालुओं से
संबंध	भालू का/की/के	भालुओं का/की/के
अधिकरण	भालू में/पर	भालुओं में/पर
संबोधन	हे भालू	हे भालुओं!

पाठ 8 : सर्वनाम

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (ब) प्रश्नवाचक सर्वनाम
2. (अ) वह इस कार्य को खुद कर लेगा
3. (अ) यही मेरा घर है।
4. (अ) पुरुषवाचक सर्वनाम

ख. रिक्त स्थानों में सर्वनाम के सही रूप को भरिए :

1. आप
2. तू
3. कोई
4. मैं
5. उसके
6. मेरी
7. वे
8. मुझे

ग. निम्न वाक्यों में आए सर्वनाम शब्द तथा उनके भेद लिखिए :

1. उसे - पुरूषवाचक सर्वनाम
2. कहाँ - प्रश्नवाचक सर्वनाम
3. कोई - अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. उसे - पुरुषवाचक सर्वनाम
5. जैसा, वैसा - संबंधवाचक सर्वनाम

घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द, सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे:-मैं, तुम, हम, वह, आप, उसकी, उसके, आदि।
2. सर्वनाम के छः प्रकार हैं:
   1. पुरुषवाचक सर्वनाम
   2. निश्चयवाचक सर्वनाम
   3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
   4. संबंधवाचक सर्वनाम

5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम

पुरुषवाचक सर्वनाम:-जो सर्वनाम वक्ता (बोलनेवाला) श्रोता (सुननेवाला) तथा किसी अन्य के लिए प्रयुक्त होता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। जैसे:-मैं, तू, वह आदि।

3. पुरुषवाचक सर्वनाम:-जो सर्वनाम वक्ता (बोलनेवाला) श्रोता (सुननेवाला) तथा किसी अन्य के लिए प्रयुक्त होता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं। उदाहरण:- 1. मैं घूमने जा रहा हूँ। 2. आप आराम कीजिए।
4. अनिश्चयवाचक सर्वनाम:-जिस सर्वनाम से किसी निश्चित व्यक्ति या पदार्थ का बोध नहीं होता, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

   उदाहरण:- 1. कोई आ रहा है। 2. कुछ खाने को दीजिए।

   निश्चयवाचक सर्वनाम:-जो सर्वनाम निकट या दूर की किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु की ओर संकेत करें, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

   उदाहरण:-1. यह मेरी पुस्तक है। 2. वह अमित की गाड़ी है।
5. जो सर्वनाम, वाक्य की दूसरी संज्ञा या सर्वनाम से संबंध दिखाने के लिए प्रयुक्त हो, उसे संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।

   उदाहरण:- 1. जिसकी लाठी, उसकी भैंस।
   2. जैसा कर्म, वैसा फल।
   3. जैसा करोगे, वैसा भरोगे।
   4. उतना खाओ, जितना पचा सको।
   5. जो मेहनत करेगा, वो जितेगा।
6. प्रश्नवाचक सर्वनाम:-जिस सर्वनाम से किसी प्रश्न का बोध होता है, उसे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते हैं।

   उदाहरण:-1. तुम कौन हो? 2. कौन शोर मचा रहा है?

   अनिश्चयवाचक सर्वनाम:-जिस सर्वनाम से किसी निश्चित व्यक्ति या पदार्थ का बोध नहीं होता, उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

   उदाहरण:- 1. कोई आ रहा है। 2. कुछ खाने को दीजिए।

ङ. इन वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :

1. मैं स्कूल जा रहा हूँ।
2. हम किताब पढ़ रहे हैं।
3. उनकी यहाँ कल तक आने की संभावना है।
4. मैं यह कार्य अपने आप कर लूँगा।
5. दिनेश ने खाना खा लिया है।

पाठ 9 : विशेषण

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (स) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
2. (स) चार
3. (द) संख्यावाचक विशेषण
4. (द) बिकाऊ

ख. निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण व विशेष्य शब्द छाँटकर लिखिए :

	विशेषण शब्द	विशेष्य
1.	मेहनती	किसान
2.	अकेला	व्यक्ति
3.	कमजोर	बुढ़िया
4.	मोटा	हाथी
5.	चालाक	कौआ
6.	नकलची	बंदर
7.	ठंडा	पानी

ग. सामने लिखे शब्दों को खाली स्थानों में सही-सही भरिए :

1. काली 2. मीठे 3. पतला
4. तीस ग्राम 5. विशेषता

घ. निम्नलिखित में जो परिणामवाचक विशेषण हैं, उनके लिए (प) तथा जो संख्यावाचक विशेषण हैं, उनके लिए (स) लिखिए :

1. प 2. प 3. प
4. प 5. स 6. स

ड. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता (गुण, दोष, संख्या, परिमाण आदि) बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।
2. विशेष्य:-जिस संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्द की विशेषता बताई जाए वह विशेषण कहलाता है। जैसे:-सुंदर लड़की में 'लड़की' विशेष्य है।

   विशेषण:-संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता (गुण, दोष, संख्या, परिमाण आदि) बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं।

   जैसे:-सुंदर लड़की में 'सुंदर' विशेषण है।
3. जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा अथवा माप-तौल का ज्ञान हो, वे परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं।

   उदाहरण:- 1. दस लीटर दूध ले आओ। 2. थोड़ा-सा पानी पिलाओ।
4. गुणवाचक विशेषण के उदाहरण:-
   1. पंजाबी लड़का छोले-भठूरे खाता है।
   2. पृथ्वी गोल है।
   3. ठंडी हवा चल रही है।

   संख्यावाचक विशेषण के उदाहरण:-
   1. मेरी कक्षा में चालीस बच्चे पढ़ते हैं।
   2. राहुल पहली कक्षा में पढ़ता है।
   3. चार लड़कियाँ झगड़ रही हैं।

च. इन वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :

1. मुझे पाँच पुस्तकों की जरूरत है।

2. घोड़ा बहुत तेज दौड़ता है।
3. मोहन के पास वकील के जैसा काला कोट है।
4. रामू ने काला कोट पहन रखा है।
5. राधे काली गेंद से खेल रहा है।

छ. तालिका पूरी कीजिए –

1. पेड़ पर्वत	2. खुजली नजर	3. स्वर गीत
4. दुकान मिठाई	5. अंक आवाज	6. बुद्धि स्वर
7. लड़का व्यक्ति		

पाठ 10 : क्रिया तथा काल

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (ब) पढ़	2. (अ) दो
3. (ब) सकर्मक क्रियाएँ	4. (ब) अकर्मक क्रियाएँ कहते हैं

ख. निम्नलिखित वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताइए :

1. अकर्मक क्रिया	2. सकर्मक क्रिया
3. सकर्मक क्रिया	4. अकर्मक क्रिया
5. सकर्मक क्रिया	6. सकर्मक क्रिया
7. सकर्मक क्रिया	8. सकर्मक क्रिया
9. सकर्मक क्रिया	10. अकर्मक क्रिया

ग. निम्नलिखित विकल्पों में से सही क्रिया-भेद चुनकर लिखिए :

1. अकर्मक	2. सकर्मक	3. प्रेरणार्थक
4. अकर्मक	5. प्रेरणार्थक	

घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. जिस शब्द अथवा शब्द समूह के द्वारा किसी कार्य के होने अथवा करने का बोध हो, उसे क्रिया कहते हैं।
   सकर्मक क्रिया के उदाहरण –
   1. अध्यापक पाठ पढ़ा रहा है।
   2. मैंने नए कपड़े खरीदे।
   3. महेश पत्र लिखता है।
   4. माँ ने आम खाया।
2. अकर्मक क्रिया:-जिन क्रियाओं का फल सीधा कर्ता पर ही पड़े वे अकर्मक क्रिया कहलाती हैं। ऐसी क्रियाओं को कर्म की आवश्यकता नहीं होती। उदाहरण: 1. मुकेश बैठा है।
   2. वह जा रहा है।
   3. अध्यापक पढ़ा रहे हैं।

   सकर्मक क्रिया : जिन क्रियाओं को फल (कर्त्ता को छोड़कर) कर्म पर पड़ता है वे सकर्मक क्रिया कहलाती हैं। इन क्रियाओं में कर्म का होना आवश्यक है। उदाहरण : 1. अध्यापक पाठ पढ़ा रहा है।
   2. मैंने नए कपड़े खरीदे।
   3. महेश पत्र लिखता है।
   4. माँ ने आम खाया।

3. क्रिया के मूल रूप को धातु कहते हैं। जैसे:-लिख, पढ़, जा, खा, गा, रो आदि।

उदाहरण एवं वाक्य प्रयोग :

1. रो - गौरव रोता है।
2. लिख - वह पत्र लिख रहा है।
3. पी - मैंने जूस पीया।
4. नाच - लड़कियाँ नाच रही हैं।
5. खा - मोहन मिठाई खाता है।
6. आ - हमारे घर मेहमान आए हैं।
7. दे - पिता जी ने मुझे सौ रूपये दिये।
8. पढ़ - बच्चे पाठ पढ़ रहे हैं।
9. गा - मैंने गाना गाया।
10. खेल - लड़के मैदान में खेलते हैं।

4. क्रिया के जिस रूप में कार्य करने या होने के समय का ज्ञान हो, उसे काल कहते हैं। काल तीन प्रकार के होते हैं:-

1. वर्तमान काल 2. भूतकाल 3. भविष्यत् काल

तीनों कालों के उदाहरण :

1. मैं ठंडा दूध पीता हूँ। (वर्तमान काल)
2. मैंने ठंडा दूध पीया। (भूतकाल)
3. मैं ठंडा दूध पीऊँगा। (भविष्यत् काल)

5. वर्तमान काल निम्नलिखित छः प्रकार का होता है:-

1. सामान्य वर्तमान काल:-क्रिया का वह रूप जिससे क्रिया का वर्तमान काल में होना पाया जाए, सामान्य वर्तमान काल कहलाता है।
   उदाहरण:-1. मैं नहाता हूँ। 2. दादी पूजा करती हैं।
2. अपूर्ण वर्तमान काल-क्रिया के जिस रूप से कार्य के होते रहने का बोध होता है, उसे अपूर्ण वर्तमान काल कहते हैं।
   उदाहरण:-1. पक्षी उड़ रहे हैं। 2. हम खाना खा रहे हैं।
3. पूर्ण वर्तमान काल-क्रिया के जिस रूप से प्रतीत हो कि कार्य अभी-अभी हुआ है। उसे पूर्ण वर्तमान काल कहते हैं।
   उदाहरण:-1. बालक पढ़ चुके हैं। 2. मेहमान आ चुके हैं।
4. संदिग्ध वर्तमान काल:-क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में कार्य के होने में संदेह हो, उसे संदिग्ध वर्तमान काल कहते हैं। उदाहरण:-
   1. रमा मेरी प्रतीक्षा करती होगी। 2. रमा पढ़ती होगी।
5. संभाव्य वर्तमान काल:-क्रिया के जिस रूप से वर्तमान में कार्य होने की संभावना रहती है, उसे संभाव्य वर्तमान काल कहते हैं।
   उदाहरण:- 1. वह आया हो। 2. उसने खाया हो।
6. तात्कालिक वर्तमान काल:-काल के जिस रूप से यह पता चलता है कि क्रिया वर्तमान में चल रही है, उसे तात्कालिक वर्तमान काल कहते हैं।
   उदाहरण:-1. मैं पढ़ रहा हूँ। 2. वह खेल रहा है।

भूतकाल के निम्नलिखित छः प्रकार हैं :-

1. सामान्य भूतकाल:-क्रिया के जिस रूप से क्रिया के बीते समय का पता चले उसे सामान्य भूतकाल कहते हैं:-

   उदाहरण:- 1. मैं सुबह घूमने गया। 2. पिताजी दुकान पर गये।

2. आसन्न भूतकाल:-क्रिया के जिस रूप से यह पता चलें कि कार्य उसी कुछ समय पहले ही समाप्त हुआ है, उसे आसन्न भूतकाल कहते हैं।

   उदाहरण:-1. रात हो गयी है। 2. वह बाजार गया है।

3. पूर्ण भूतकाल:-क्रिया के जिस रूप से यह पता चलता है कि कार्य दिए-गए-समय के पहले ही पूरा किया गया है, उसे पूर्ण भूतकाल कहते हैं।

   उदाहरण: 1. माँ आराम कर चुकी थीं।
   2. घर में सफाई हो चुकी थी।

4. अपूर्ण भूतकाल:-जिस क्रिया से यह ज्ञात हो कि भूतकाल में कार्य पूर्ण संपन्न नहीं हुआ था, अभी चल रहा था, उसे अपूर्ण भूतकाल कहते हैं।

   उदाहरण: 1. गायक गीत गा रहा था।
   2. नौकरानी सफाई कर रही थी।

5. संदिग्ध भूतकाल:-भूतकाल की जिस क्रिया से कार्य होने में अनिश्चितता अर्थात संदेह प्रकट हो, उसे संदिग्ध भूतकाल कहते हैं।

   उदाहरण: 1. दुकानें बंद हो चुकी होंगी।
   2. बारिश रुक चुकी होगी।

6. हेतुहेतुमद् भूतकाल:-यदि भूतकाल में एक क्रिया के होने या न होने पर दूसरी क्रिया का होना या न होना निर्भर करता है। तो वह हेतु-हेतु मद् भूतकाल कहलाता है।

   उदाहरण: 1. यदि वर्षा होती, तो फसल अच्छी होती।
   2. यदि तुमने परिश्रम किया होता, तो पास हो जाते।

7. भविष्यत् काल के तीन प्रकार होते हैं:-

क. सामान्य भविष्यत् काल:-जिस काल के वाक्यों में क्रिया का भविष्य काल में सामान्य रूप से होने का बोध हो, उसे सामान्य भविष्यत् काल कहते हैं, जैसे:-

   1. हम शिल्पी की शादी में जाएँगे।
   2. हमें आज अपना काम पूरा करना होगा।

ख. संभाव्य भविष्यत् काल:-जिस काल के वाक्यों में क्रिया के भविष्य में होने की संभावना प्रकट की जाती हैं, किंतु क्रिया के संपन्न होने का निश्चय नहीं रहता, उसे संभाव्य भविष्यत् काल कहते हैं:-जैसे

   1. भगवान! मेरा स्वास्थ्य ठीक हो जाए।
   2. शायद आज वर्षा हो।

ग. हेतु-हेतुमद् भविष्यत् काल:-जिस काल के वाक्यों में भविष्य में होने वाली क्रिया का होना किसी दूसरी क्रिया पर निर्भर होता हो, वहाँ हेतु-हेतुमद् भविष्यत् काल होता है; जैसे:-

1. अगर सूर्य न निकले तो क्या होगा?
2. मेहनत करोगे तो सफलता पाओगे।

ङ. निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्नानुसार काल बदलकर पुनः लिखिए-

1. वे गाना गा चुके होंगे।
2. उसने पाठ याद किया है।
3. दया अपना पाठ लिख रही होगी।
4. वह खाना खा रहा है।
5. हम कल दिल्ली जाएँगे।

च. खाली स्थानों में क्रिया का उचित रूप भरिए -

1. गा 2. लिख 3. धो
4. जाएँगे 5. सफल

पाठ 11 : अव्यय

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (अ) कालवाचक 2. (ब) रीतिवाचक
3. (द) कार्य करने की विधि का

ख. दिए गए क्रिया विशेषणों से रिक्त स्थान भरिए :

1. यथासमय 2. आजकल 3. मत
4. परसों 5. खूब 6. उतना
7. धीरे-धीरे 8. शीघ्र 9. अवश्य
10. जैसे-तैसे

ग. निम्न वाक्यों में से क्रिया विशेषण शब्द छाँटकर खाली स्थान पर लिखिए :

1. ऊपर 2. लँगड़ाकर 3. रफ्तार
4. सदैव, आगे 5. नीचे 6. मंद-मंद
7. रुककर 8. तेज

घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. कालवाचक क्रियाविशेषण:-जो क्रियाविशेषण शब्द काल (समय) से संबंधित विशेषता का ज्ञान कराएँ, उन्हें कालवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

   उदाहरण:- सतेन्द्र रोज व्यायाम करता है।
   दिनेश दिनभर क्रिकेट खेलता है।

   रीतिवाचक क्रियाविशेषण:-जो क्रियाविशेषण शब्द कार्य होने की विधि या रीति से संबंधित विशेषता का बोध कराते हैं, उन्हें रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

   उदाहरण : गाड़ी धीरे-धीरे चलाओ।
   इन वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।

2. क्रियाविशेषण:-क्रियाविशेषण का शाब्दिक अर्थ है- क्रिया की विशेषता बताने वाला। इस प्रकार, जो शब्द क्रिया को किसी-न-किसी रूप में प्रभावित करते हैं, उन्हें क्रियाविशेषण कहते हैं। जैसे- आगे-आगे, कम, तेज, रोज, पास, धीरे-धीरे आदि।

क्रियाविशेषण के चार प्रकार हैं:-

1. कालवाचक क्रियाविशेषण 2. स्थानवाचक क्रिया विशेषण
3. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण 4. रीतिवाचक क्रियाविशेषण

1. कालवाचक क्रियाविशेषण : जो क्रियाविशेषण शब्द काल (समय) से संबंधित विशेषता का ज्ञान कराएँ, उन्हें कालवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

   उदाहरण : सतेन्द्र रोज व्यायाम करता है।
   दिनेश दिनभर क्रिकेट खेलता है।

2. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण : जो क्रियाविशेषण शब्द क्रिया के परिमाण या मात्रा संबंधी विशेषता का बोध कराएँ, उन्हें परिमाणवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

   उदाहरण : अधिक कार्य मत करो, थक जाओगे।
   लोकेश तुम बहुत कॉफी पीते हो।

3. रीतिवाचक क्रियाविशेषण : जो क्रियाविशेषण शब्द कार्य होने की विधि या रीति से संबंधित विशेषता का बोध कराते हैं, उन्हें रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं।

   उदाहरण : गाड़ी धीरे-धीरे चलाओ।
   इन वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।

ङ. निम्नलिखित क्रियाविशेषणों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

1. वह शीघ्र ही घर पहुँच गया।
2. ईश्वर सर्वत्र है।
3. अचानक बादल गरजने लगे।
4. मैं प्रतिदिन मंदिर जाता हूँ।
5. कोमल निरंतर मुझे फोन कर रही है।

अभ्यास (पेज 50)

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (द) संबंधबोधक
2. (स) की तरफ

ख. इनका सही मिलान कीजिए :

1. ग. कृतिका, वर्णिका के समान बुद्धिमान है।
2. च. आज बिना भोजन के रहना पड़ेगा।
3. घ. वे सभी अलग-अलग रहते हैं।
4. ड. श्याम बाजार की ओर आ रहा था।
5. ख. मैं बुराई के खिलाफ हूँ।
6. क. हरीश मंदिर के पास रहता है।

ग. निम्नलिखित वाक्यों को संबंधबोधक शब्दों से पूरा कीजिए :

1. के बाद 2. के सामने 3. के नीचे

4. के अंदर 5. के अलावा 6. के भीतर

घ. अविकारी शब्दों को पहचानकर उनका भेद लिखिए :

1. संबंधबोधक 2. क्रियाविशेषण 3. समुच्चयबोधक
4. विस्मयादिबोधक 5. समुच्चयबोधक 6. संबंधबोधक
7. क्रियाविशेषण 8. विस्मयादिबोधक 9. विस्मयादिबोधक
10. संबंधबोधक

अभ्यास (पेज 52)

क. समुच्चयबोधक अव्यय:-जो अविकारी शब्द दो शब्दों, वाक्यों या वाक्यांशों को परस्पर तोड़ते हैं, उन्हें समुच्चयबोधक कहते हैं।

उदाहरण : यद्यपि, चूँकि, परंतु और किंतु आदि।

ख. समुच्चयबोधक के भेद : इस अव्यय के मुख्य भेद निम्नलिखित हैं :-

1. समानाधिकरण समुच्चयबोधक:-जिन पदों या अव्ययों द्वारा मुख्य वाक्य जोड़े जाते हैं, उन्हें समानाधिकरण समुच्चयबोधक कहते हैं।

   जैसे : एवं, तथा, तो, और, अथवा, या, अन्यथा, किंतु, परंतु, इसलिए, न आदि।

   उदाहरण:- 1. बड़े एवं छोटे सभी का सम्मान करना चाहिए।
   2. मैं कार से जाऊँगा अथवा रेलगाड़ी से।

2. व्यधिकरण समुच्चयबोधक:-जिन पदों या अव्ययों के मेल से एक मुख्य वाक्य में एक या अधिक आश्रित वाक्य जोड़े जाते हैं, उन्हें 'व्यधिकरण समुच्चयबोधक' कहते हैं।

   जैसे : यद्यपि, क्योंकि, इसलिए, ताकि, तो, कि, जैसे, अर्थात् आदि।

उदाहरण : 1. तुम खड़े हो जाओ ताकि वह बैठ सके।
2. अजय स्कूल नहीं जा सका क्योंकि बरसात हो रही थी।

ग. रिक्त स्थानों में समुच्चयबोधक अव्यय भरिए :

1. और 2. ताकि 3. पर
4. और 5. लेकिन 6. तो
7. इसलिए 8. अन्यथा 9. नहीं तो

घ. निम्न के प्रयोग से वाक्य बनाइए :

1. मैं घूमना चाहता था लेकिन माँ ने वापिस घर बुला लिया।
2. बच्चा रो रहा था अत: उसे सुला दिया।
3. हालाँकि निशा बीमार है, पर वह खेलने चली गयी।
4. उसे बुखार हो गया क्योंकि उसने ठंडी आइसक्रीम खायी थी।
5. तुम चाय पीओगे अथवा दूध?
6. मैं चाहता हूँ कि तुम मेरे साथ घूमने चलो।

ङ. निम्न वाक्यों को समुच्चयबोधक द्वारा जोड़िए :

1. सीता आई पर गीता नहीं आई।
2. तुमने कसूर किया है इसलिए सजा तो अवश्य मिलेगी।

3. वह ठीक नहीं हो सका क्योंकि उसने दवाई नहीं ली थी।
4. मैं तुम्हारे लिए पुस्तकें लाऊँगा ताकि तुम पढ़ सको।
5. मैंने तुम्हें पढ़ाया तभी तुम परीक्षा में सफल हुए।

अभ्यास (पेज 54)

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (अ) ठीक, करीब, लगभग
2. (द) काश!, अरे!
3. (अ) केवल आप ही इसके हकदार हैं।

ख. सत्य/असत्य लिखिए :

1. असत्य 2. सत्य 3. सत्य
4. सत्य 5. असत्य

ग. निम्नलिखित वाक्यों में विस्मयादिबोधक शब्द रेखांकित कीजिए तथा लिखिए कि उनमें मन के किन भावों का पता चलता है :-

1. वाह! , हर्षसूचक
2. छिः!, तिरस्कारसूचक
3. क्या!, विस्मयसूचक
4. धिक्!, तिरस्कारसूचक
5. ऐं!, विस्मयसूचक
6. ओह ! भयसूचक
7. अच्छा!, स्वीकृतिसूचक
8. आह!, शोकसूचक

घ. निम्नलिखित विस्मयादिबोधक शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

1. बाप रे बाप ! इतनी भयंकर ठंड पड़ रही है।
2. अरे ! तुम कब आये?
3. बहुत अच्छा! मुझे तुम पर भरोसा है।
4. लो ! यह क्या खबर सुना दी।
5. शाबाश ! तुमने अच्छे अंक प्राप्त किए।

ड. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति विस्मयादिबोधक शब्दों से कीजिए :

1. छिः! 2. हाय! 3. ए!
4. धत्त ! 5. शाबाश! 6. वाह!
7. धिक!

च. विस्मयादिबोधक शब्द वे अविकारी अव्यय हैं, जो शब्द हर्ष, घृणा, क्रोध, ग्लानि, विस्मय, आदि भावों को प्रकट करते हैं; जैसे:-

वाह! क्या खूब खेल रहे हो।

अरे! इतनी जल्दी खाना खा लिया।

छिः! कितने गंदे कपड़े पहन रखे हैं।

ऊपर दिये गये वाक्यों में वाह!, अरे!, छिः!, आदि शब्द मन के भावों को प्रकट कर रहे हैं। इन्हें विस्मयादिबोधक कहते हैं।

पाठ 12 : पद परिचय

नीचे दिए गए वाक्यों में रंगी पदों के पद परिचय दीजिए :

1. रमा:-संज्ञा, व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ताकारक, क्रिया का कर्ता
2. हम:-उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम, बहुवचन, कर्ताकारक, जाएँगे-क्रिया का कर्ता।
3. खरीद लिया है:-सकर्मक क्रिया, पूर्णभूतकाल, पुल्लिंग, एकवचन कर्तृवाच्य, क्रिया का कर्ता-मोहन तथा कर्म-कोट।
4. सुंदर:-गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, चित्र की विशेषता।
5. कल:-कालवाचक क्रियाविशेषण, 'पढ़ाने गया' क्रिया की विशेषता।
6. बदले:-व्यतिरेकवाचक संबंधबोधक, संगीता और संजना में संबंधसूचक।
7. इसलिए:-कारणवाचक व्यधिकरण समुच्चयबोधक, दो उपवाक्यों को जोड़ने का कार्य, कारण स्पष्ट करना।
8. अजी!:-विस्मयादिबोधक, संबोधनसूचक, संबोधन के भाव को दर्शाने वाला

पाठ 13 : पदबंध

क. पदबंध किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

जब दो या अधिक (शब्द) पद नियत क्रम और निश्चित अर्थ में किसी पद का कार्य करते हैं तो उन्हें पदबंध कहते हैं। पदबंध को वाक्यांश भी कहते हैं।

उदाहरण: सबसे तेज दौड़ने वाला छात्र जीत गया।
यह लड़का अत्यंत सुशील और परिश्रमी है।
नदी बहती चली जा रही है।
नदी कल-कल करती हुई बह रही थी।

ख. वाक्यों में रंगीन पदबंधों के प्रकार लिखो :

1. विशेषण पदबंध
2. क्रियाविशेषण पदबंध
3. क्रिया पदबंध
4. संज्ञा पदबंध

ग. निम्न पदबंधों का वाक्यों में प्रयोग करो :

1. कमरे में सोता हुआ बालक खर्राटे ले रहा है।
2. मेरे अमेरिका वाले बेटे ने मेरे लिए घड़ी भेजी।
3. परिश्रम करने वाला छात्र कभी असफल नहीं होता।
4. आज मुझे मेरे बचपन का साथी मिला।
5. आज माँ दो किलो पिसी हुई लाल मिर्च लायीं।
6. स्टेशन के चारों ओर हरियाली हैं।

पाठ 14 : वाच्य

क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. क्रिया के जिस रूप से पता चले कि वाक्य क्रिया कर्ता, कर्म या भाव के अनुसार आई है, उसे वाच्य कहते हैं।
   उदाहरण : 1. प्रिया पत्र लिखती है।
   2. प्रिया के द्वारा पत्र लिखा जाता है।
2. वाच्य के तीन भेद हैं:-
   1. कर्तृवाच्य, 2. कर्मवाच्य, 3. भाववाच्य

1. कर्तृवाच्य:-जब क्रिया का मुख्य विषय कर्ता हो अर्थात जब क्रिया का संबंध कर्म और भाव से न होकर कर्ता से होता है तो वह वाच्य कर्तृवाच्य होता है। क्रिया के लिंग, वचन तथा पुरुष भी कर्ता के अनुसार ही लगाए जाते हैं।

उदाहरण:- बच्चा खेलता है। बच्चे खेलते हैं। राम दौड़ता है।
रमा खाना खाती है।

2. कर्मवाच्य:-जब क्रिया का विषय कर्ता न होकर कर्म होता है तो वह वाच्य कर्मवाच्य होता है। क्रिया के लिंग और वचन भी कर्म के अनुसार ही लगाए जाते हैं।

उदाहरण:- राम से काम किया जाता है।
सोहन द्वारा पुस्तक पढ़ी जाती है।
धोबी के द्वारा कपड़े धोये गए।

3. भाववाच्य:-जब क्रिया का विषय कर्ता और कर्म न होकर भाव होता है तो वह वाच्य भाववाच्य होता है। क्रिया के लिंग और वचन भी भाव के अनुसार ही लगाए जाते हैं। भाववाच्य केवल अकर्मक क्रियाओं के साथ ही संभव है। उदाहरण: मुझसे चला नहीं जाता।
अध्यापिकाओं से पढ़ाया जाता है।

3. कर्तृवाच्य से कर्मवाच्य बनाने के नियम:-

1. कर्तृवाच्य के साथ लगी विभक्ति हटा दी जाती है और कर्ता कारक के साथ 'से' या 'के द्वारा' का प्रयोग करना चाहिए।
2. कर्तृवाच्य की मुख्य क्रिया को सामान्य भूतकाल की क्रिया में बदला जाता है और 'जाना' क्रिया के उचित रूप का प्रयोग किया जाता है।
3. कर्म के साथ कोई परसर्ग हो तो उसे हटा दिया जाता है।
4. कर्म को चिह्न रहित करना चाहिए।
5. क्रिया को कर्म के लिंग-वचन पुरुष के अनुसार रखना चाहिए अर्थात कर्म प्रधान बनाना चाहिए।

उदाहरण:- 1. लड़कियाँ बाजार जा रही हैं। (कर्तृवाच्य)
लड़कियों द्वारा बाजार जाया जा रहा है। (कर्मवाच्य)
2. माली फूल तोड़ेगा। (कर्तृवाच्य)
माली द्वारा फूल तोड़े जायेंगे। (कर्मवाच्य)

4. कर्तृवाच्य से भाववाच्य बनाने के नियम :

1. कर्ता के साथ 'से' विभक्ति चिह्न लगा दिया जाता है।
2. क्रिया को सामान्य भूतकाल में लिखकर उसके साथ काल के अनुसार 'जाना' क्रिया रुप जोड़ा जाता है।
3. क्रिया को एकवचन, पुल्लिंग और अन्य पुरुष में परिवर्तित कर दिया जाता है।
4. आवश्यकतानुसार 'नहीं' का प्रयोग होता है।

उदाहरण - 1. दादा जी अब चल नहीं पाते। (कर्तृवाच्य)
दादा जी से अब चला नहीं जाता। (भाववाच्य)

2. गर्मियों में लोग खूब पानी पीते हैं। (कर्तृवाच्य)
गर्मियों में लोगों से खूब पानी पीया जाता है। (भाववाचक)

ख. निम्नलिखित वाक्यों के सामने वाच्य के भेदों के नाम लिखिए :

1. कर्तृवाच्य 2. कर्मवाच्य 3. कर्तृवाच्य
4. कर्मवाच्य 5. भाववाच्य 6. कर्तृवाच्य
7. कर्मवाच्य 8. भाववाच्य

ग. निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाक्य में बदलिए :

1. गायकों द्वारा गीत पेश किया गया।
2. चंदू द्वारा नंदिनी को कंप्यूटर सिखाया गया।
3. सारिका द्वारा विज्ञ को राखी बाँधी गयी।
4. मिंटू द्वारा सोहन को गाड़ी चलाना सिखाया गया।
5. हरि द्वारा बालीबॉल खेला जाता है।
6. लौहार द्वारा औजार बनाया जाता है।
7. एम. एफ. हुसैन द्वारा चित्र बनाया गया।
8. हमारे द्वारा शोले फिल्म देखी गयी।

घ. निम्नलिखित वाक्यों को भाववाच्य में बदलिए :

1. हमसे प्रतिदिन नहाया जाता है।
2. मेरी बात सुनकर सभी से हँसा जाता है।
3. बच्चों से शांत बैठा जाता है।
4. पक्षियों से रात में सोया जाता है।
5. क्या उनसे लिखा जाएगा?
6. वृद्ध से अब चला नहीं जा सकता।
7. मुझसे पुस्तक पढ़ी जा सकती।
8. जौहरी से जेवर बनाए जाते हैं।

पाठ 15 : वाक्य विचार

क. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो:-

1. सार्थक शब्दों का क्रमबद्ध समूह जिससे कोई भाव स्पष्ट हो, वाक्य कहलाता है। जैसे:-मोहन पढ़ने जाता है।
2. वाक्य के दो मुख्य अंग हैं:- 1. उद्देश्य, 2. विधेय
3. अर्थानुसार वाक्य के आठ भेद हैं:-
   1. विधानवाचक वाक्य 2. निषेधात्मक वाक्य
   3. प्रश्नवाचक वाक्य 4. आज्ञावाचक वाक्य
   5. संकेतवाचक वाक्य 6. विस्मयावाचक वाक्य
   7. संदेहवाचक 8. इच्छावाचक वाक्य
   1. विधानवाचक
      उदाहरण:- राम ने बाली को मारा।
   2. निषेधात्मक वाक्य

उदाहरण:-मैं आज घर नहीं जाऊँगा।

3. प्रश्नवाचक वाक्य

   उदाहरण:-राम ने रावण को क्यों मारा ?

4. आज्ञावाचक वाक्य

   उदाहरण:-बड़ों को सम्मान करो।

5. संकेतवाचक वाक्य

   उदाहरण:-अगर वर्षा होगी तो फसल भी होगी।

6. विस्मयादिबोधक वाक्य

   उदाहरण: वाह! तुम आ गये।

7. संदेहवाचक वाक्य

   उदाहरण:-शायद मुझ गांव जाना पड़े।

8. इच्छावाचक वाक्य

   उदाहरण:-भगवान तुम्हें लंबी आयु दे।

4. संकेतवाचक वाक्य:-जिन वाक्यों से एक क्रिया के दूसरी क्रिया पर निर्भर होने का बोध हो, उन्हें संकेतवाचक वाक्य कहते हैं। इस प्रकार के वाक्यों में किसी-न-किसी शर्त का उल्लेख होता है।

   उदाहरण:-अगर परिश्रम करोगे तो सफल हो जाओगे।

   संदेहवाचक वाक्य:-जिन वाक्यों से संदेह या शंका का भाव प्रकट होता है, उन्हें संदेहवाचक वाक्य कहते हैं।

   उदाहरण:-वह शायद कल मुझसे मिलने आये।

5. ऐसे वाक्य जिनसे किसी काम के होने या किसी के अस्तित्व का बोध हो, वह वाक्य विधानवाचक वाक्य कहलाता है। विधानवाचक वाक्यों को विधिवाचक वाक्य भी कहते हैं।

   उदाहरण:- 1. हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है।
   2. भारत हमारा देश है।

6. रचना के अनुसार वाक्य तीन प्रकार के होते हैं:-

   1. सरल वाक्य 2. मिश्रित वाक्य 3. संयुक्त वाक्य

   प्रत्येक का उदाहरण :

   1. सायांश पतंग उड़ा रहा है। (सरल वाक्य)
   2. अबीर खेलकर आया और सो गया। (संयुक्त वाक्य)
   3. अदिति ने कहा कि वह स्कूल नहीं जायेगी। (मिश्र)

7. संयुक्त वाक्य:-जिन वाक्यों में दो या दो से अधिक सरल वाक्य योजकों (और, एवं, तथा, या, अथवा, इसलिए, अत:, फिर भी, तो, नहीं तो, किंतु, परंतु, लेकिन, पर आदि) से जुड़े हों, उन्हें संयुक्त वाक्य कहते हैं।

   उदाहरण:-वह सुबह गया और शाम को लौट आया।

   उसने बहुत परिश्रम किया किंतु सफलता नहीं मिली।

   मिश्रित वाक्य:-जिस वाक्य में एक से अधिक वाक्य मिले हों, किंतु एक प्रधान उपवाक्य तथा शेष आश्रित उपवाक्य हों, मिश्रित वाक्य कहलाता है।

उदाहरण: 1. यदि अधिक पढ़ोगे तो पास हो जाओगे।
2. सोनू ने बताया कि वह घूमने जायेगा।

ख. सही या गलत का चिह्न लगाइए :

1. ✓ 2. ✓ 3. ✓
4. ✓ 5. ✗

ग. अर्थ के अनुसार वाक्य के भेद पहचानिए :

1. प्रश्नवाचक वाक्य 2. निषेधात्मक वाक्य
3. विधानवाचक वाक्य 4. संकेतवाचक वाक्य
5. संदेहवाचक वाक्य 6. आज्ञावाचक वाक्य
7. विस्मयादिबोधक वाक्य 8. इच्छावाचक वाक्य

घ. नीचे लिखे वाक्यों के उद्देश्य तथा पक्ष जोड़िए :

1. स. वर्ग में सबसे होशियार बच्चा है।
2. द. किताबों से भरा हुआ है।
3. अ. ने बच्चों को जादू दिखाया।
4. य. को ऑस्कर एवार्ड से नवाजा गया था।
5. ब. भारत का स्वर्ग है।

ड. नीचे दिए गए वाक्यों के उद्देश्य और विधेय छाँटकर लिखिए :

	उद्देश्य	विधेय
1.	जल	ही जीवन है।
2.	बगीचे	में रंग-बिरंगे फूल खिले हैं।
3.	परिश्रम	से ही सफलता मिलती है।
4.	भारत	त्योहारों का देश है।

च. सरल, संयुक्त व मिश्र वाक्य पहचानकर प्रत्येक के सामने लिखिए :

1. सरल वाक्य 2. मिश्रित वाक्य 3. सरल वाक्य
4. संयुक्त वाक्य 5. सरल वाक्य 6. संयुक्त वाक्य

पाठ 16 : वाक्य का रूपांतरण

क. किसी एक वाक्य का रूपांतरण आठों प्रकार के वाक्यों में कीजिए।

छात्र स्वयं करें।

ख. निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्यों में बदलिए:-

1. मेरी भेंट एक हँसमुख व्यक्ति से हुई।
2. इस बहादुर लड़के ने चोरों को पकड़ने में पुलिस की सहायता की थी।
3. किसान को खेतों में दिन-रात मेहनत करके भी दो वक्त की रोटी नहीं मिल पाती।
4. वह सुंदर और समझदार है।
5. सूर्यास्त होते ही पक्षीगण अपने घोसले की ओर प्रस्थान करने लगे।

ग. निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्यों में बदलिए:-

1. माँ बाजार गईं और सब्जी खरीदकर लाईं।
2. दादा जी ने खाना खाया और सोने चले गए।
3. वर्षा शुरू हो गई थी इसलिए सब अंदर चले गए।
4. वह बीमार थी इसलिए समारोह में नहीं पहुँची।
5. मोहन छत पर गया और पतंग उड़ाई।
6. सूर्योदय हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।

घ. निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्यों में बदलिए:-

1. जो लोग झूठ बोलते हैं, वे मुझे पसंद नहीं है।
2. मेरा विचार है कि आज ट्रेडफेयर घूमने जाएं।
3. यदि पिकनिक पर जाना है तो तैयार हो जाओ।
4. कल स्कूल बंद रहेगा क्योंकि 2 अक्टूबर है।
5. हम जैसे ही घर से बाहर निकले, वैसे ही मूसलाधार वर्षा होने लगी।

पाठ 17 : अलंकार

क. काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्वों को अलंकार कहते हैं अर्थात किसी काव्यांश-वाक्यांश की सुंदरता को बढ़ाने वाले शब्द अलंकार होते हैं।

ख. अलंकार का शाब्दिक अर्थ गहना या आभूषण है।

ग. जब किसी शब्द का प्रयोग एक बार ही किया जाता है लेकिन उससे कई अर्थ निकलते हैं तो वह श्लेष अलंकार कहलाता है।

उदाहरण: रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब चून।।
पानी गये न उबरै, मोती मानुष चूना।

यहाँ 'पानी' शब्द का अर्थ विनम्रता, आभा (चमक) तथा जल से जोड़कर दर्शाया गया है।

घ. जब काव्यांश में प्राकृतिक वस्तुओं जैसे पेड़, पौधे, बादल आदि में मानवीय भावनाओं का वर्णन हो अर्थात निर्जीव चीजों में सजीव होना दर्शाया जाए, वहाँ मानवीकरण अलंकार होता है।

उदाहरण:- 1. मेघ आये बड़े बन-ठन के संवर के।
2. आए महंत बसंत।

ङ. जब किसी वस्तु का वर्णन करने के लिए उससे अधिक प्रसिद्ध वस्तु से गुण, धर्म आदि के आधार पर उसकी समानता की जाती है। तब उपमा अलंकार होता है। उदाहरण : प्रात: नभ था, बहुत नीला शंख जैसे।

जब उपमेय और उपमान में भेद होते हुए भी दोनों में अभिन्नता प्रकट की जाए और उपमेय को उपमान के रूप में दिखाया जाए, तो रूपक अलंकार होता है। उदाहरण : चरण कमल बंदौ हरिराई।

च. नीचे लिखी पंक्तियों में निहित अलंकार का नाम उनके सम्मुख लिखिए :

1. अनुप्रास अलंकार
2. रूपक अलंकार
3. रूपक अलंकार
4. श्लेष अलंकार
5. अनुप्रास अलंकार

छ. नीचे लिखे अंशों में दिए गए अलंकारों को सुमेलित कीजिए :

1. अनुप्रास
2. रूपक
3. उत्प्रेक्षा
4. संदेह
5. रूपक

पाठ 18 : विराम चिह्न

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (अ) प्रश्नवाचक चिह्न 2. (द) - 3. (ब) हंसपद चिह्न

ख. निम्नांकित विराम-चिह्नों के नाम लिखिए :

? प्रश्नवाचक चिह्न
। पूर्ण विराम चिह्न
! विस्मय विराम
० लाघव चिह्न
– निर्देशक चिह्न,
ˆ हंसपद चिह्न (त्रुटि-विराम)
; अद्‌र्ध विराम
:– विवरण चिह्न
, अल्प विराम
( ) कोष्ठक चिह्न

ग. विराम-चिह्नों को उनके संकेत-चिह्नों से मिलाइए :

1. छ 2. ग. 3. ड.
4. ज. 5. झ. 6. क.
7. घ. 8. च. 9. ख.

घ. निम्नलिखित वाक्यों में सही-सही विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए :

1. अरे! जरा इधर आना।
2. यह रखी हुई खीर है।
3. पिकनिक पर कौन-कौन जाएगा?
4. जियो! खूब जियो।
5. आज तेज हवा चल रही थी।
6. गुरु जी ने सभी बच्चों से कहा, ''परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।''

पाठ 19 : शब्द तथा वाक्य संबंधी अशुद्‌धियाँ

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (अ) शृंखला
2. (स) क्षुब्ध
3. (स) ऐतिहासिक
4. (स) मैं आपसे कल मिलूँगा।
5. (द) तुमको क्या चाहिए ?

6. (द) मेज पर पुस्तक रखी है।

ख. नीचे लिखे वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :

1. वह दिनभर पढ़ता रहा।
2. यहाँ केवल चार पेड़ है।
3. क्या वह पढ़ते हैं?
4. तुम्हें अवश्य घूमना चाहिए।
5. हम सब अपने गाँव जा रहे हैं।
6. कोयल कू-कू कर रही है।
7. हरीश चुनाव हार गया है।
8. वह कल दिल्ली जा रहा है।

ग. सही वाक्य के सामने सही (✓) तथा गलत वाक्य के सामने गलत (✗) का चिह्न लगाइए :

1. ✓ 2. ✗ 3. ✗
4. ✗ 5. ✓

घ. निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध करके खाली स्थान में लिखिए :

व्यवहार	चंचल
आशीर्वाद	पूर्ति
गुंबद	परीक्षा
हथियार	वंदना

ड. शुद्ध तथा अशुद्ध शब्दों को छाँटकर अलग-अलग लिखिए :

शुद्ध : वृक्ष, वैकल्पिक, सेना, कंठ, सृष्टि, गृहस्थी, सूक्ति, पहुँच, चाँदी

अशुद्ध : पृथ्वी, सुक्ति, एश्वर्य, कोन, प्रथक

पाठ 20 : शब्द भंडार

अभ्यास (पेज 80)

क. जो शब्द तत्सम हैं, उनके सामने उनके तत्सम रूप तथा जो तद्भव हैं, उनके सामने उनके तद्भव रूप लिखिए :

अमचूर - आम्रचूर्ण	चंद्रिका - चाँदनी	पूत - पुत्र
युक्ति - जुगति	आशीष - आशिष	दैव - भाग्य
बालू - बालुका	प्रस्तर - पत्थर	ग्वाला - गोपालक
एकल - अकेला	उत्साह - उदाह	स्थल - थल
कोण - कोना	गृहिणी - घरनी	

ख. निम्नलिखित शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए :

अजान - अज्ञान	गेंद - कंदुक	अस्तुति - स्तुति
अखरोट - अक्षेर	गौना - गमन	अदरक - आर्द्रक
किवाड़ - कपाट	अकेला - एकल	ऐसा - ईदृश
क्यों - किंपुनः	ईंधन - इंधन	आधा - अर्द्ध
आँवला - आमलक		

अभ्यास (पेज 82)

क. कोष्ठकों से उचित शब्द चुनकर वाक्य-युग्म के खाली स्थानों में भरिए :

1. दिनेश मुकेश की अपेक्षा अधिक होशियार है।
   तुमने उसकी उपेक्षा करके अच्छा नहीं किया।
2. संगीता एक सच्ची अंगना है। सविता के अँगना में नीम का पेड़ है।
3. रिंकू की परीक्षा का परिणाम कल आएगा।
   इस बाल्टी के पानी का परिमाण लगभग 20 किलोग्राम है।
4. इसका रंग कौए के समान काला है।
   अपने सामान की स्वयं रक्षा करें।
5. इस भुवन को ईश्वर ने बनाया है।
   कृतिका का भवन कितना सुंदर है।

ख. सत्य/असत्य लिखिए :

1. सत्य 2. असत्य 3. असत्य 4. सत्य

ग. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :

1. घिरनी, बंदर, ,
2. सुगंध,दूसरा
3. तरफ, दूसरा, तथा
4. उम्मीद, लापरवाही, ध्यान न देना,
5. थोड़ा, बुढ़ापा,
6. अकेला, इकहरा; खरबूजा जाति का एक फल
7. घर, नक्षत्र
8. शब्द भंडार, खजाना

अभ्यास (पेज 86)

क. निम्नलिखित वाक्यों में कोष्ठक में दिए गए सही शब्दों पर सही का चिह्न (✓) लगाइए :

1. पत्नी 2. व्यर्थ 3. व्याधि
4. गर्व 5. पर्याप्त 6. निद्रा
7. आनंद

ख. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :

1. शत्रुता
2. जलन
3. मूर्ख, गँवार
4. अनपढ़
5. जिसका मूल्य न हो
6. अधिक कीमत वाला
7. रंज
8. तकलीफ
9. फेंककर चलाने वाला हथियार
10. खतरनाक हथियार
11. स्वीकृति
12. आज्ञा
13. मनन करनेवाला व्यक्ति
14. साधु

15. झूठ बोलने वाला
16. छेद, कटाव
17. हँसी
18. कमी
19. भाषण, टीका करना
20. कथन, संबोधन
21. आनेवाला
22. भविष्य में होने वाला
23. महिला, औरत
24. किसी की विवाहिता स्त्री

अभ्यास (पेज 88)

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :-

1. (ब) कृतघ्न 2. (स) प्रदोष 3. (ब) अन्तर्ज्ञान

ख. सही जोड़े बनाइए :

1. च. कुशाग्रबुद्धि 2. ड. समदर्शी 3. घ. आद्योपांत
4. ग. शाश्वत 5. क. कटुभाषी 6. ख. अजर

ग. इन शब्दों के अर्थ लिखिए :

1. गोद लिया पुत्र
2. व्याकरण का विद्वान
3. जो दिखाई न दो
4. खाने के बाद बचा-खुचा
5. ऐसा आचरण जो मनुष्योचित न हो
6. तीन फल

अभ्यास (पेज 91)

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (अ) गणपति

ख. सही जोड़े बनाइए :

1. घ. संग्राम, लड़ाई,
2. क. प्रारंभ, अथ
3. ख. वरिष्ठ, बड़ा
4. ग. कौम, तंत्र

ग. नीचे दिए गए वर्ग में से शब्द छाँटकर उनको उनके समूहों में वर्गीकृत कीजिए :

अभिप्राय	मतलब	तात्पर्य	मायने
प्रकाश	ज्योति	आलोक	चमक
चाँदनी	चंद्रिका	कौमुदी	ज्योत्सना
झोपड़ी	झुग्गी	झोंपड़ा	कुटिया
पड़ोसी	हमसाया	प्रतिवासी	प्रतिवेशी

घ. निम्नलिखित शब्द-समूहों के सामने उनसे मिलता-जुलता शब्द लिखिए :

1. विद्यालय 2. विनती 3. आश्चर्य
4. छानबीन 5. समुद्र 6. सहानुभूति

अभ्यास (पेज 93)

क. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :

खिलना-मुरझाना, फूल-कांटा, अतिवृष्टि-अनावृष्टि,

तीव्र–मंद,	प्राचीन–नवीन	शुद्धि–अशुद्धि,
आकर्षण–विकर्षण,	रक्षक–भक्षक,	शकुन–अपशकुन,
नीति–अनीति,	आयात–निर्यात,	साकार–निराकार,
सक्षम–अक्षम,	आदर–निरादर,	मोक्ष–बंधन,
चोर–पुलिस,	प्रमुख–गौण,	पात्र–अपात्र

ख. नीचे किए गए शब्दों को उनके विलोम शब्दों सहित दुहरे वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

1. भविष्यकाल में अकाल (सूखा पड़ने) से फसलों की कमी की समस्या हो सकती है।
2. मेरा अपने पड़ोसियों से कुछ भी लेना-देना नहीं है।
3. बेटी की शादी की तैयारियों में माता-पिता सोना जागना ही भूल गए हैं।
4. जय और पराजय किसी भी खेल के दो हिस्से हैं।
5. आज सर्दियों में बहुत दिनों के बाद सूर्य प्रकट हुआ, नहीं तो बहुत दिनों से सूर्य गुप्त था।
6. भारतीयों ने स्वदेशी वस्तुओं का समर्थन किया, जबकि विदेशी सामान का विरोध किया गया।

ग. इन वाक्यों को विपरीतार्थक करके पुनः लिखिए :

1. मैंने यह मैच द्वारा है।
2. इस बार हमारा व्यय बहुत हुआ है।
3. रामू, अवधेश का स्वामी है।
4. आज हमारी मौखिक परीक्षा है।
5. मैं इस कार्य को करने में समर्थ हूँ।
6. मेरा राशन कार्ड अवैध है।
7. अभय का घर स्थायी है।
8. हमें अपने से बड़ों का निरादर करना चाहिए।
9. यह गाड़ी चार बजे आगमन करेगी।
10. यह प्रश्न बिल्कुल प्राचीन है।

अभ्यास (पेज 96)

क. निम्नलिखित अर्थों के लिए लोकोक्तियाँ लिखिए :

1. यह मुँह और मसूर की दाल।
2. बहती गंगा में हाथ धोना
3. अंधा क्या चाहे दो आँख
4. कहाँ राज भोज, कहाँ गंगू तेली
5. इतनी सी जान, गजभर जुबार

ख. निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए :

1. अधिक मूल्य पर उधार बेचने से अच्छा कम मूल्य पर नगद बेचना है।
2. लेने का देना करना।

3. इंसान की कदर काम से होती है, शक्ल-ओ-सूरत से नहीं।
4. अपनी बुराई दिखाई न देना।

अभ्यास (पेज 99)

क. निम्नलिखित मुहावरों को अपने वाक्यों में अर्थ सहित प्रयोग कीजिए :

1. घड़ों पानी पड़ना-अत्यधिक लज्जित होना-जब पूरे मोहल्ले के सामने मनोज को पुलिस पकड़कर ले गयी तो उसके माता-पिता पर घड़ो पानी पड़ गया।
2. चेहरा खिलना-खुश होना-दसवीं में अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण होने पर मोहित का चेहरा खिल गया।
3. भाँडा फूटना-बेनकाब होना- भाँडा फूटने के डर से पंकज मीटिंग से डरकर चला गया।
4. साँप के बिल में हाथ डालना-मूर्खतापूर्ण कार्य करना, खतरे को दावत देना- सीमा के पति ने बदमाशों से बहस करके साँप के बिल में हाथ डाला है।
5. तिल का ताड़ बनाना-छोटी-सी बात को बहुत बढ़ा-चढ़ाकार कहना कोई भी तिल का ताड़ बनाना तो हमारी पड़ोसिन से सीखे।

अभ्यास (पेज 103)

क. हिंदी तथा संस्कृत के कोई तीन-तीन उपसर्ग लिखकर उनसे निर्मित कुछ शब्द बनाइए :

हिंदी के उपसर्ग	निर्मित शब्द	संस्कृत के उपसर्ग	निर्मित शब्द
अ-	अभाव, अज्ञान	अछूता, अटल,	अभि - अभिनंदन,अभिराज, अभिलाप
कु-	कुपुत्र, कुसंगत	कुचक्र, कुचल	उत् - उत्कर्ष, उत्तीर्ण,
सु-	सुडौल, सुफल,	सुघड़, सुजान	प्र - प्रकोप, प्रबल

ख. नीचे लिखे शब्दों में उपसर्ग जोड़कर विलोम शब्द बनाइए :

संभव-असंभव	धर्म-अधर्म	सुंदर-असुंदर
मान-अपमान	शिक्षित-अशिक्षित	ज्ञान-अज्ञान
गुण-अवगुण	जय-पराजय	डर-निडर

ग. 'दार', 'वान', 'आई' तथा 'वाला' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए :

धन-धनवान,	भाग्य-भाग्यवान,
वफा-वफादार,	दर-दरवान,
दाग-दागदार,	धार-धारदार,
कत-कताई,	सिल-सिलवाई,
बुन-बुनाई	बाग-बागवान,
दूध-दूधवाला,	सब्जी-सब्जीवाला,
टोपी-टोपीवाला,	दुकान-दुकानवाला

पाठ 21 : संधि

क. निम्नलिखित संधियों के सही प्रकारों पर सही का चिह्न (✓) लगाइए :

1. व्यंजन 2. व्यंजन 3. स्वर
4. स्वर 5. व्यंजन

ख. सत्य/असत्य-लिखिए :

1. सत्य 2. सत्य 3. सत्य
4. सत्य 5. असत्य 6. सत्य

ग. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. स्वरसंधि के तीन उदाहरण :-
   परीक्षा + अर्थी -परीक्षार्थी
   नारी + इंदु - नारींदु
   महा + उत्सव-महोत्सव
   व्यंजन संधि के तीन उदाहरण:-
   अनु + छेद- अनुच्छेद
   दिक् + अंबर-दिगंबर
   षट् + आनन - षडानन
   विसर्ग संधि के तीन उदाहरण:-
   नि:+आशा - निराशा,
   नि: + चय - निश्चय
   दु: + गंध - दुर्गंध
2. स्वरसंधि : दो स्वरों के मेल से जो विकार उत्पन्न होता है उसे स्वर संधि कहते हैं।
   उदाहरण : पुस्तक + आलय - पुस्तकालय
   सदा + एव - सदैव
   व्यंजन संधि : किसी व्यंजन से अथवा किसी स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं!
   उदाहरण : सत् + आचार - सदाचार
   वाक् + ईश - वागोश।
3. संधि के प्रमुख तीन भेद हैं:-
   1. स्वर संधि 2. व्यंजन संधि 3. विसर्ग संधि।
   1. स्वर संधि : दो स्वरों के मेल से जो विकार उत्पन्न होता है उसे स्वर संधि कहते हैं।
      उदाहरण : पुस्तक + आलय - पुस्तकालय,
      सदा + एव - सदैव
      इति + आदि - इत्यादि
      सु + उक्ति - सूक्ति
   2. व्यंजन संधि:-किसी व्यंजन से अथवा किसी स्वर से मेल होने पर जो परिवर्तन होता है उसे व्यंजन संधि कहते हैं।

उदाहरण: सत् + आचार – सदाचार
वाक् + ईश – वागीश
सत् + मार्ग – सन्मार्ग
अनु + छेद – अनुच्छेद

घ. संधि विच्छेद कीजिए :

1. पितृ + अनुमति
2. महा + औषधि
3. देव + ऐश्वर्य
4. पौ + इत्र
5. शे + अन
6. देवी + आलय

ड. इन्हें शुद्ध करके पुनः लिखिए :

1. सूर्योदय
2. रमेश
3. मात्रानंद
4. यद्यपि
4. गंगोमि

पाठ 22 : समास अभ्यास

क. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :

1. (द) तत्पुरुष समास
2. (ब) अव्ययीभाव समास
3. (अ) संप्रदान तत्पुरुष

ख. निम्नलिखित सामासिक शब्दों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी लिखिए :

	सामासिक शब्द	विग्रह	समास
1.	मुखचंद्र	चंद्ररूपीमुख	कर्मधारय समास
2.	यथाशक्ति	शक्ति के अनुसार	अव्ययीभाव समास
3.	तुलसीकृत	तुलसी द्वारा रचित	तत्पुरुष समास
4.	नीलकमल	नीला है कमल जो	कर्मधारय समास
5.	अनिश्चित	न निश्चित	तत्पुरुष समास
6.	दोपहर	दोपहरों का समाहार	द्विगु समास
7.	नवग्रह	नौ ग्रहों का समास	द्विगु समास
8.	राजा-रंक	राजा या रंक	द्वंद्व समास

ग. निम्नलिखित शब्दों में समास का प्रयोग करके समस्त पद लिखिए :

1. भवानी-शंकर
2.
3. महात्मा
4. अनादि अनंत
5. यथाशक्ति
6. बिहारीरचित

घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1. समास:-दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बने हुए एक नवीन एवं सार्थक शब्द को समास कहते हैं। जैसे:-'रसोई के लिए घर', इसे हम 'रसोईघर' भी कह सकते हैं।

   इस कथन से शब्द संक्षिप्त हो गया और अर्थ में भी किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं आया। इस संक्षेपीकरण की विधि को समास कहते हैं।

   समास विग्रह:-सामासिक शब्दों के बीच के संबंध को स्पष्ट करना समास विग्रह कहलाता है। जैसे-राजा का पुत्र।

विग्रह के बाद सामासिक शब्द गायब हो जाते हैं अर्थात –जब समस्त पद के सभी पद अलग–अलग किये जाते हैं, उसे समास–विग्रह कहते हैं।

2. समास छः प्रकार के होते हैं:–

1. अव्ययीभाव समास	2. तत्पुरुष समास
3. द्वंद्व समास	4. बहुब्रीहि समास
5. द्विगु समास	6. कर्मधारय समास

1. अव्ययीभाव समास की परिभाषा : वह समास जिसका पूर्व पद प्रधान होता है तो ऐसे समास को अव्ययीभाव समास कहते हैं। इस समास का पहला पद अव्यय होता है, जो क्रिया विशेषण के रूप में प्रयुक्त होता है।

   उदाहरण:–यथाक्रम – क्रम के अनुसार,आजन्म – जन्म पर्यंत।

2. तत्पुरुष समास : वह समास जिसके उत्तर पद या दूसरा पद अथवा बाद वाला शब्द, आखिरी शब्द प्रधान होता है। समास में दोनों पदों के बीच का कारक चिह्न लोप अथवा गायब हो जाता है। इस प्रकार के समास को तत्पुरुष समास कहते हैं।

   उदाहरण : गंगाजल–गंगा का जल, गुणहीन–गुणों से हीन

3. तत्पुरुष समास : वह समास जिसके उत्तर पद या दूसरा पद अथवा बाद वाला शब्द/ आखिरी शब्द प्रधान होता है। समास में दोनों पदों के बीच का कारक चिह्न लोप अथवा गायब हो जाता है। इस प्रकार के समास को तत्पुरुष समास कहते हैं।

   उदाहरण : गंगाजल–गंगा का जल, गुणहीन–गुणों से हीन

तत्पुरुष समास में भेद निम्नलिखित है:–

1. कर्म तत्पुरुष समास, माँस का खाने वाला – मांसाहारी
2. करण तत्पुरुष समास, शोक से आकुल – शोकाकुल
3. संप्रदान तत्पुरुष समास, प्रयोग के लिए शाला – प्रयोगशाला
4. अपादान तत्पुरुष समास, रोग से मुक्त – रोगयुक्त
5. संबंध तत्पुरुष समास, भूदान – भू का दान
6. अधिकरण तत्पुरुष समास, आत्मविश्वास – आत्म पर विश्वास

4. बहुब्रीहि समास – वह समास जिसमें कोई भी पद प्रधान न हो, और दोनों पद मिलकर एक नए शब्द का निर्माण करें जो प्रधान हो, तो ऐसे समास को बहुब्रीहि समास कहते हैं।

उदाहरण – पीत है अंबर जिसका वह = पीतांबर

द्विगु समास – ऐसा समास जिसमें अधिकतर पूर्वपद संख्यावाचक हो और इस समास में किसी समूह का बोध हो तो ऐसे समास को द्विगु समास कहते है। इस समास में पूर्व पद संख्यावाचक के अलावा उत्तर पर भी संख्यावाचक हो सकता है।

उदाहरण – सप्ताह = सात दिनों का समूह।

नञतत्पुरुष समास – यदि तत्पुरुष समास में प्रथम शब्द 'न' हो तथा दूसरा शब्द संज्ञा या विशेषण रहे तो नञतत्पुरुष समास होता है। शब्द का पहला वर्ण स्वर हो तो 'न'; 'अन्' में बदल जाता है।

उदाहरण – न इच्छा – अनिच्छा, न उपस्थित – अनुपस्थित